# ईरानी डेरे में पुलिस की दबिश, दो गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** थाना निशातपुरा पुलिस ने फरार अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत अमन कॉलोनी स्थित ईरानी डेरे में बड़ी कार्रवाई करते हुए रुपए 17 हजार के इनामी निगरानी बदमाश सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त संजय कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर करीब 40 पुलिस जवानों की टीम ने ईरानी डेरा अमन कॉलोनी में विशेष सर्चिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान फरार निगरानी बदमाश सालिग उर्फ रेहान ईरानी और संदेही रिजवान हुसैन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार सालिग उर्फ रेहान ईरानी के विरुद्ध लूट, जालसाजी, मारपीट, चोरी एवं हत्या के प्रयास सहित 24 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उस पर बैतूल, रायसेन और भोपाल के विभिन्न मामलों में कुल ?17 हजार का इनाम घोषित था तथा उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था।

वहीं गिरफ्तार रिजवान हुसैन के विरुद्ध मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में चोरी, लूट, जालसाजी और मारपीट के 15 गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ में अन्य अपराधों से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है। निशातपुरा पुलिस का कहना है कि ईरानी डेरे में लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते मोबाइल झपटमारी और संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी आई है तथा अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## 27वां कालांजलि कलोत्सव आज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय शास्त्रीय नृत्य और पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित संस्था कालांजलि 12 जून को रवीन्द्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में 27वां कालांजलि कलोत्सव आयोजित करने जा रही है। यह भव्य सांस्कृतिक संध्या सायं 5:30 बजे से शुरू होगी। इस वर्ष के कलोत्सव में भरतनाट्यम, लोकनृत्य, लाइव शास्त्रीय संगीत एवं अन्य पारंपरिक कलाओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में 100 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। आयोजन का प्रमुख आकर्षण 'रंगप्रवेशम' रहेगा, जिसमें 27 विद्यार्थी औपचारिक रूप से मंच पर अपनी शास्त्रीय नृत्य यात्रा का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. तथा विशिष्ट अतिथि भेल के महाप्रबंधक रूपेश तेलंग रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने पं. रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि अमर क्रांतिकारी पं. बिस्मिल ने स्वतंत्रता को सर्वोच्च मानकर अपना सर्वस्व अर्पित किया। उनका मातृभूमि के प्रति त्याग, अदम्य साहस और समर्पण, सदैव राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

# होम्योपैथी कॉन्फ्रेंस में सेवा और मानव मूल्यों पर जोर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि चिकित्सा केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सेवा-भाव, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। वे पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान में आयोजित 'नेशनल होम्योपैथी कॉन्फ्रेंस-अमृतम' के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यक्रम का आयोजन आरोग्य भारती एवं शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। श्री परमार ने कहा कि होम्योपैथी एक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ सेवा, संवेदना और समर्पण का माध्यम भी है। चिकित्सकों की जिम्मेदारी केवल रोगों का इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाना भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। राज्य सरकार भी आयुष और होम्योपैथी के विस्तार, गुणवत्ता शिक्षा, अनुसंधान और अधोसंरचना विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि उज्जैन में नया शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा, जिससे चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. तारकेश्वर जैन ने कहा कि



होम्योपैथी मानव कल्याण और स्वस्थ समाज निर्माण की भावना पर आधारित है।आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने समग्र चिकित्सा पद्धतियों के समन्वित विकास पर जोर दिया। सम्मेलन में देशभर से आए लगभग 450 चिकित्सकों ने भाग लिया और होम्योपैथी के नवीन अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा और जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

## ताप्ती घाटी पर केंद्रित पुस्तक मुख्यमंत्री को भेंट

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मंत्रालय में पूर्व मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस द्वारा पुस्तक 'ट्रेजर्स ऑफ ताप्ती वैली एण्ड बुरहानपुर' की प्रति भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पुस्तक ताप्ती नदी घाटी और बुरहानपुर के समृद्ध इतिहास, पुरातत्व और सांस्कृतिक विरासत को गहराई से समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह कृति इतिहासकारों, पुरातत्वविदों, शोधकर्ताओं, पर्यटन विशेषज्ञों और आम पाठकों सभी के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। यह पुस्तक नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट द्वारा प्रकाशित की गई है। इसके लेखक प्रसिद्ध पुरातत्वविद एवं विरासत संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा हैं। पुस्तक में बुरहानपुर और ताप्ती घाटी के ऐतिहासिक विकास, स्थापत्य कला, पुरातात्विक साक्ष्यों और सांस्कृतिक परंपराओं का विस्तृत एवं शोधपरक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसमें बुरहानपुर की सूफी परंपरा, मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों के साथ-साथ फारूकी और मुगल कालीन स्मारकों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है।

# दुकान की आड़ में गांजा तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**नप्र, भोपाल :** क्राइम ब्रांच भोपाल ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 850 ग्राम अवैध गांजा, 2 मोबाइल फोन तथा एक अवैध धारदार दोधारी तलवार बरामद की गई है।



पुलिस आयुक्त संजय कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में चिरायु अस्पताल, बैरागढ़ के पास से विशाल केसवानी उर्फ बद्दी और संजय राठौर उर्फ संजू को गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से लगभग 790 ग्राम गांजा और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी चाय-नाश्ते की दुकान की आड़ में गांजा तस्करी का काम कर रहे थे। दूसरी कार्रवाई गांधी नगर स्थित हरी मजार के पास की गई, जहां शराफत अली, अमन खान और दीपेश यदुवंशी को गांजा बिक्री की तैयारी करते हुए पकड़ा गया। इनके कब्जे से 60 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जबकि अमन खान के पास से एक अवैध दोधारी तलवार भी जब्त की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट तथा अमन खान के विरुद्ध अतिरिक्त रूप से धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## भांजे पर दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता ने की आत्महत्या की कोशिश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के मिसरोद क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक 33 वर्षीय विवाहित महिला ने अपने ही भांजे पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। लगातार उत्पीड़न और पारिवारिक सहयोग नहीं मिलने से परेशान महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार महिला ने अस्पताल में दिए बयान में बताया कि 5 जून से आरोपी भांजा कई बार उसके घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। घटना के समय महिला का पति काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता था। महिला ने घटना की जानकारी अपने पति और अन्य परिजनों को भी दी, लेकिन आरोप है कि किसी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे मानसिक रूप से परेशान होकर महिला ने 9 जून को जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसने पूरी घटना पुलिस को बताई। महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### गैस सिलेंडर की किल्लत अब होगी दूर

# राजधानी को सिलेंडर-मुक्त बनाने की तैयारी, पीएनजी कनेक्शन पर फोकस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एलपीजी सिलेंडर संकट के बीच राजधानी भोपाल को चरणबद्ध तरीके से सिलेंडर-मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू किया गया है। खाद्य विभाग ने शहर की चार प्रमुख कॉलोनियों में 100 प्रतिशत पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही वीआईपी क्षेत्र चार इमली को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन के अनुसार थिंक गैस कंपनी द्वारा होशंगाबाद रोड क्षेत्र में तेजी से गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। बावड़ियाकलां, सलैया, अवधपुरी और अयोध्या बायपास की कई कॉलोनियों में अधिकांश घरों को पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं। अब विभाग का लक्ष्य चिन्हित कॉलोनियों में शत-प्रतिशत कनेक्शन प्रदान करना है।

थिंक गैस ने होशंगाबाद रोड के आसपास 172 कॉलोनियों में भूमिगत गैस लाइन बिछाई है। वहीं चार इमली और 74 बंगला जैसे वीआईपी इलाकों में भी सर्वे पूरा कर लिया गया है और जल्द कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू होगी। अमेरिका-ईरान तनाव के बाद एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने से भोपाल में सिलेंडरों की कमी देखने को मिली थी। इसी के मद्देनजर क्क्ल नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिन क्षेत्रों में पीएनजी उपलब्ध है, वहां 90 दिनों के भीतर कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा एलपीजी कनेक्शन बंद किया जा सकता है। वर्तमान में होशंगाबाद रोड क्षेत्र में करीब 43 हजार पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं। भविष्य में पुराने शहर सहित अन्य बड़े क्षेत्रों, होटल, रेस्टोरेंट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी पीएनजी नेटवर्क से जोड़ने की योजना है।

# 'अगरबत्ती' में सुलगी फूलन देवी की स्मृति

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रवींद्र भवन में चल रहे 22वें स्मरण हबीब रंग आलाप नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन हम थियेटर ग्रुप द्वारा आशीष पाठक लिखित और स्वाती दुबे निर्देशित नाटक 'अगरबत्ती' का प्रभावशाली मंचन किया गया।

यह नाटक बेहमई हत्याकांड और फूलन देवी के जीवन से जुड़े जातिगत, सामाजिक और राजनीतिक सवालों को केंद्र में रखता है। निदेशक स्वाती दुबे के अनुसार यह नाटक उस विमर्श को पुनः सामने लाने का प्रयास है, जिसे समय के साथ भुला दिया गया। नाटक में दिखाया गया है कि किस तरह सामंतवाद, पितृसत्ता और जातिगत अत्याचारों की परतें आज भी समाज में मौजूद हैं। फूलन देवी के आत्मसमर्पण, जेल यात्रा और राजनीतिक सफर के



बाद भी ये सवाल समाप्त नहीं हुए। 'अगरबत्ती' वास्तविक घटनाओं पर आधारित होते हुए भी प्रतीकात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया है। इसमें नौ पात्रों के माध्यम से सत्य की खोज और न्याय की जटिलताओं को दर्शाया गया है। मंच पर किसी को पूरी तरह नायक या खलनायक नहीं दिखाया गया, बल्कि सत्ता और समाज के बीच उलझे सच को सामने रखा गया है।

# राइज़िंग स्टार्स कार्निवलः रचनात्मकता और आत्मविश्वास का मंच

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के नीलबड़ स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में 'राइज़िंग स्टार्स कार्निवल 2026' का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




आयोजन का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बहुआयामी प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा। कार्निवल में कला, खेल, संगीत और तकनीक से जुड़ी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसका मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया गया। बिरला ओपन माइंड्स एजुकेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निर्वान बिरला ने कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है और ऐसे मंच उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## कार्यकर्ताओं से संवाद



कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

## 61 प्रशिक्षु संयंत्र सहायकों को नियुक्ति पत्र

**नप्र, भोपाल :** मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा भर्ती प्रक्रिया के तहत 61 संयंत्र सहायक प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को यह नियुक्ति प्रस्ताव पत्र कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें संयंत्र सहायक प्रशिक्षु (मैकेनिकल) के 36 तथा संयंत्र सहायक प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल) के 25 पद शामिल हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रशिक्षु के रूप में की गई है और उन्हें निर्धारित समय पर अपने-अपने पदस्थापना स्थलों पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# साहित्य अकादमी के कृति पुरस्कार घोषित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** साहित्य अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद्, संस्कृति विभाग द्वारा अभा एवं प्रादेशिक कृति पुरस्कार कैलेण्डर वर्ष 2024 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। अभा पुरस्कार रुपये एक लाख एवं प्रादेशिक कृति पुरस्कार रुपये इक्यावन हजार के साथ शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति के साथ रचनाकारों को अलंकृत किया जाता है। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि अधिकांश पुरस्कारों हेतु दो श्रेष्ठ कृतियों को संयुक्त रूप से जूरी द्वारा चयनित किया गया।

**अखिल भारतीय पुरस्कार :** पं. माखनलाल चतुर्वेदी (निबंध) डॉ. शकुंतला कालरा-दिल्ली की कृति 'बच्चे और आप' एवं श्री अखिलेन्द्र मिश्र-मुम्बई की कृति 'अभिनय अभिनेता और अध्यात्म', गजानन माधव मुक्तिबोध (कहानी)चरणसिंह अमी-इंदौर की कृति 'अतुकांत' एवं डॉ. पूजा हेमकुमार अलापुरिया-मुम्बई की कृति 'कभी पैसा तो कभी किताब', राजा वीरसिंह देव (उपन्यास) डॉ. वीणा सिन्हा-भोपाल की कृति 'अग्निगर्भ में जलती पंखुरियाँ' एवं सुयश त्यागी-भोपाल की कृति 'छूटते किनारे',आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (आलोचना) पवन विजय-गाजियाबाद की कृति 'मास्क मैनिफेस्टो' एवं लहरी राम मीणा-वाराणसी की कृति 'सृजन के विविध रूप और आलोचना', पं. भवानी प्रसाद मिश्र (गीत एवं हिन्दी गजल) सुशील साहिल-गोंडा की कृति 'यहाँ सब लोग हँसते बोलते हैं' एवं शैलेन्द्र पाण्डेय-सरायकेला की कृति 'आईने के जाविये', अटल बिहारी वाजपेयी (कविता) अजीत कुमार पुरी-दिल्ली की कृति 'आह्लादित है अयोध्या' एवं डॉ. कौशल दुबे-जबलपुर की कृति 'तथागत', कुवेरनाथ राय (ललित निबंध) संजीव शर्मा-भोपाल की कृति 'अयोध्या 22 जनवरी' एवं संजय सक्सेना-राजगढ़ की कृति 'डायरी का मुड़ा हुआ पन्ना', विष्णु प्रभाकर (आत्मकथा-जीवनी) पं. कमलकांत शर्मा-दतिया की कृति 'शबरी दर्शन' एवं मनीष कुमार पाटीदार-महेश्वर की कृति 'जिंदगी का सफर किशोर कुमार', निर्मल वर्मा (संस्मरण) रवीन्द्र कुमार दुबे-इंदौर की कृति 'एक दुनिया ऐसी भी' एवं ऋचा दीपक कर्पे-देवास की कृति 'यादों का सुनहरा सफर', महादेवी वर्मा (रेखाचित्र) डॉ. प्रीति खरे-भोपाल की कृति 'नानी का घर ढूँढ़ रही हूँ' एवं अशोक पटेल-शहडोल की कृति 'वनगीता', प्रो. विष्णुकांत शास्त्री (यात्रा-वृत्तांत) डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी-जयपुर की कृति 'ओकुहेपा' एवं डॉ. शिव कुमार व्यास-जबलपुर की कृति 'हिंदी में यात्रा वृत्तांत', भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (अनुवाद) डॉ. श्रीनिवास शुक्ल 'सरस'-सीधी की कृति 'लोकपुराण' एवं डॉ. दंतू मुरली कृष्ण-भोपाल की कृति 'जीवन गीता', नारद मुनि (फेसबुक/ब्लाग/नेट) मनोज जैन मधुर-भोपाल का पेज 'फेसबुक/ब्लॉग/नेट' एवं कृष्णमुरारी त्रिपाठी 'अटल'-रायपुर का पेज 'फेसबुक/ब्लॉग/नेट' को दिया गया है।

